# शिक्षा विभाग का प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जोधपुर एसीबी की स्पेशल टीम ने की कार्रवाई

**जोधपुर, (कासं)।** भष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) जोधपुर की स्पेशल टीम ने शिक्षा विभाग विभाग के प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार भाटी को पच्चीस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया । उसने एक स्कूली शिक्षक को शहर के निकट पदस्थापन करने की एवज में संयुक्त निदेशक प्रेमचंद सांखला व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विक्रम गहलोत के नाम से यह रिश्वत ली थी। एसीबी दोनों अधिकारियों की भूमिका के बारे में पड़ताल कर रही है।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गसिंह राजपुरोहित ने बताया कि एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षक के रूप में उसका पदस्थापन शहर के निकट करने के लिए शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रेमचंद सांखला व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विक्रम गहलोत उससे रिश्वत मांग परेशान कर रहे है। उसने आरोप लगाया कि ये दोनों अधिकारी अपने दलाल शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार भाटी के माध्यम से पचास हजार रुपए की मांग कर रहे है।

शिकायत का सत्यापन होने के पश्चात आज पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ट्रैप का आयोजन किया गया। परिवादी पच्चीस हजार रुपए लेकर संयुक्त निदेशक कार्यालय में भाटी से मिला। परिवादी के उसे रुपए थमाते ही एसीबी की टीम ने उसे दबोच लिया। उसकी जेब से रंग लगे रुपए बरामद कर लिए गए। एसीबी की टीम भाटी के मकान की तलाशी ले रही है। वहीं इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रेमचंद सांखला व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी विक्रम गहलोत की भूमिका की जांच की जा रही है।

# आईआईटी-एनआईटी में आंशिक प्रवेश फीस जमा नहीं कराने पर सीट कैन्सिल होगी

## चौथे राउण्ड का सीट आवंटन कल

**कोटा, (निसं)।** देश की आईआईटी, एनआईटी समेत 112 संस्थानों की 54477 सीटों के लिए जोसा काउंसलिंग के चौथे राउण्ड के सीट आवंटन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। स्टूडेंट्स जिन्हे प्रथम बार चौथे राउंड में कॉलेज सीट का आवंटन हुआ है। उन्हें 10 अक्टूबर तक आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर सीट असेप्टेंस फीस जमा कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। यदि वे रिपोर्ट नहीं करते हैं तो उनकी आवंटित सीट निरस्त कर दी जाएगी।

करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि जोसा द्वारा जारी किये गए नोटिस के अनुस्सर जिन विद्यार्थियों को जोसा काउन्सलिंग के छठे राउंड में एनआईटी, ट्रिपलआईटी एवं जीएफटीआई की सीट का आवंटन होगा, यदि ये स्टूडेंट्स एनआईटी सिस्टम से आवंटित अपने कॉलेज से संतुष्ट हैं, उन्हें आंशिक प्रवेश फीस जमा करानी होगी। स्टूडेंट्स आंशिक प्रवेश फीस जमा नहीं करवाता है तो उनकी आवंटित सीट केन्सिल कर दी जाएगी भले ही स्टूडेंट्स ने पहले सीट एक्सेप्टेन्स फीस जमा करवा दी हो।स्टूडेंट्स को आंशिक प्रवेश फीस 19 से 21 अक्टूबर के मध्य जमा करवानी होगी। स्टूडेंट्स द्वारा काउंसलिंग के दौरान जमा करवाई गई सीट असेप्टेंस फीस एवं आंशिक प्रवेश फीस उनके प्रवेश के दौरान शेष कॉलेज की फीस में समायोजित कर ली जाएगी।

वे विद्यार्थी जो अपने एनआईटी सिस्टम से आवंटित सीट से संतुष्ट नहीं हैं और खाली सीटों के लिए करवाई जा रही सीएसएबी काउंसलिंग में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी आंशिक प्रवेश फीस जमा कर अपनी आवंटित सीट सुरक्षित कर भी सीएसएबी काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। यह सीएसएबी काउंसलिंग प्रक्रिया 24 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी होगी।

अमित आहूजा ने बताया कि देश के शीर्ष इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थानों में शामिल बिट्स काउन्सलिंग प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बिट्स काउन्सलिंग के तीसरे राउण्ड का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। इस राउण्ड में जिन विद्यार्थियों को पूर्व में हुए दो राउण्ड में कोई भी सीट मिली थी, उन्हें अपग्रेड कर नई सीट आवंटित की गई है, इसके साथ ही कई विद्यार्थी जो पूर्व में वेटिंग लिस्ट में थे, उन्हें भी बिट्स के गोवा, हैदराबाद, पिलानी कैम्पस में ब्रांचेंज का आवंटन हुआ है। इसके अतिरिक्त तीसरे राउण्ड में उन विद्यार्थियों को भी लाभ मिला है, जिन्हें पूर्व में बिटसेट की कट ऑफ के आधार पर सीट नहीं मिल पाई थी, ऐसे निकटतम स्कोर रखने वाले स्टूडेंट्स को इसमें सीट आवंटित हुई है।

इन सभी स्टूडेंट्स को बिट्स में प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क 10 अक्टूबर तक जमा कर अपनी सीट कन्फर्म करनी होगी। एक्सपर्ट आहूजा ने बताया की देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू), नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसयूटी) में ट्रिपलआईटी दिल्ली, आईजीटीयूडब्ल्यू एवं डीकेइयू की 6372 सीटों के लिए करवाई जा रही जैक काउन्सलिंग के दूसरे राउंड का सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। जिन स्टूडेंट्स को पहले राउंड में सीट मिली है उन्हें सीट एक्सेप्टेन्स फीस जमाकर अपनी केटेगरी अनुसार दिए गए शेडूल पर 7 से 10 अक्टूबर के बीच आवंटित कॉलेज में फिजिकल रिपोर्टिंग करनी है।

# बारूद की कमी, नहीं जले रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतले



बाण छोड़ने पर रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले आधे ही जले।

**देवली, (निसं)।** यहां विजयदशमी पर रावण, कुंभकरण, मेघनाथ का पुतला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जानकारी के अनुसार रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले का सेट पालिका प्रशासन की ओर से तैयार कराकर दशहरा मैदान में खडे करवाए गए। रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों के दहन को लेकर पालिका प्रशासन की ओर से बुधवार को विजयदशमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ लगभग डेढ़ लाख की लागत से बनाए गए पुतले पूर्ण रूप से नहीं जल सके

इस दौरान विविध तौर पर सारी तैयारियों के साथ संध्या काल को रावण दहन किया लेकिन इस दौरान तीनों पुतलों में भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ गया। हुआ यह कि शहर के अखाडा दल ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर रावण दहन किए जाने के लिए अग्नि बाण छोड़ा। इसी के साथ अटल उद्यान में खड़े रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले मामूली आतिशबाजी के साथ धू धू होकर अधजले जमीन पर आकर गिर गए। यहां लगभग डेढ़ लाख की लागत से बनाए गए रावण मेघनाथ कुंभकरण के पुतलों का ढ ांचा पूर्ण रूप से जलने से वंचित रह गया। इसका मुख्य कारण यह रहा कि ठेकेदार ने पुतलों में पर्याप्त मात्रा में बारूद और ज्वलनशील पदार्थ लगाने में कमी रखी जिसे पालिका प्रशासन के जिम्मेदारों ने नजरअंदाज कर दिया।

इस संबंध में सुरेश कुमार मीणा, अधिशासी अधिकारी, पालिका देवली का कहना है कि लगभग डेढ़ लाख की लागत से रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले बनवाए हैं। रावण, कुंभकरण मेघनाथ के पुतले पूरी तरह जल कर भस्म हो चुके थे केवल बांस जलने से रहे होंगे।

# केन्द्रीय विद्यालय में स्थापित होगा पराक्रम स्थल

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल जोधपुर का चयन नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आईएनए ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा पराक्रम स्थल स्थापित करने के लिए किया गया है। जिसके अंतर्गत निर्मित होने वाली प्रदर्शनी से विद्यार्थियों एवं आगंतुकों में न केवल देशभक्ति की भावना को बल मिलेगा अपितु वे नेताजी की जीवनी एवं आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका से भी परिचित होंगे।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश व्यास ने बताया कि इस ट्रस्ट द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थन से देश भर में कुल 250 विद्यालयों में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम स्थल स्थापित किए जा रहे है जिसमें से देश के कुल 110 केंद्रीय विद्यालयों में ये स्थल स्थापित किए जायेंगे। किसके लिए राज्य के कुल 10 केंद्रीय विद्यालयों का चयन इस प्रोजेक्ट के लिए किया गया है। यह स्थल इस ट्रस्ट द्वारा विद्यालय को उपहार में दिया जाएगा।

# हनुमानगढ़ में घर से नाबालिग लड़की का किडनैप

■ नकदी और जेवरात भी चुराए, मां-बेटी सहित 3 के खिलाफ मामला दर्ज

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पीलीबंगा थाना इलाके में घर से अकेली नाबालिग लड़की को जबरन उठाकर ले जाने और नकदी-जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। नाबालिग के पिता ने इस संबंध पीलीबंगा पुलिस थाने में मां-बेटी सहित 3 जनों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया गया है। हैड कॉन्स्टेबल श्रीभगवान ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि वह और उसकी पत्नी नरमा चुगाई के लिए गए हुए थे। घर पर उसकी नाबलिग पुत्री अकेली थी।

रूकमा देवी पत्नी लेखराम, सरोज पुत्री लेखराम नायक निवासी सुन्दरसिंहवाला और भवानी राम पुत्र मघाराम नायक निवासी हिन्दो उसके घर आए और उसकी पुत्री को जबरदस्ती उठा कर ले गए। साथ ही घर में रखे 10 हजार रुपए नकद, चांदी की पायल और कुछ अन्य सामान ले गए। वह और उसकी पत्नी जब शाम को घर आए तो उनकी पुत्री नहीं मिली। इधर-उधर पूछताछ की तो पता चला कि रूकमा, सरोज ने ही भवानीराम को बुलाकर उसकी पुत्री को उठवाया है। जब उसने रूकमा से अपनी पुत्री के बारे में पूछा तो रूकमा ने कहा कि उन्होंने तो रुपए लेकर उसकी पुत्री को उठवा दिया है। उससे जो होता है वह कर ले। पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पुलिस ने किडनैप और चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया ।

# ऑनलाइन ठगी पीड़ितों को राशि वापस दिलाई

## 70 हजार रुपये की राशि रिकवर की

■ कांस्टेबल महेन्द्र जाखड़ के लगातार प्रयासों से मिली सफलता

**बामनवास, (निसं)।** थाना क्षेत्र के रहने वाले लोगों से हुई ऑनलाइन ठगी के दो मामलों में स्थानीय पुलिस थाने बामनवास के कांस्टेबल महेंद्र जाखड़ द्वारा लगातार प्रयास कर ऑनलाइन ठगी पीड़ितों से ठगी हुई राशि को वापस कराने में सफलता हासिल की। कांस्टेबल महेंद्र जाखड़ ने रघुनाथपुरा बिचपुरी गांव के निवासी हंसराज बेरवा एवं अध्यापक वीरम गुर्जर निवासी खेड़ली से हुई ऑनलाइन ठगी के दोनों मामलों में ठगी की गई करीब 70 हजार रुपए की राशि को रिकवर कर पीड़ितों को वापस दिलवाने में सफलता प्राप्त की।

थाना अधिकारी ने बताया कि प्रथम मामले में हंसराज बैरवा से एक अक्टूबर को अनजान नंबर से कॉल कर प्रलोभन देने के बाद झांसे में लेकर करीब 59 हजार 954 रुपए की ठगी कर ली गई थी । इसी तरह खेड़ली निवासी शिक्षक वीरम गुर्जर से 30 सितंबर को एसबीआई क्रेडिट कार्ड को बंद करवाने के लिए झांसा देकर ओटीपी प्राप्त कर आरोपी द्वारा खुद को एसबीआई क्रेडिट कार्ड का मैनेजर बताते हुए पीड़ित के बैंक खाते से 39 हजार रुपए ठग लिए गए थे।

जहां ऑनलाइन ठगी पीड़ितों द्वारा थाने में रिपोर्ट देने के बाद पुलिस द्वारा तुरंत एक्शन मोड में आते हुए ठगी करने वाले खातों को फ्रीज करवा दिया गया था । टीम के कांस्टेबल महेंद्र जाखड़ द्वारा विशेष रूप से संबंधित कंपनियों बैंकों से तत्काल प्रत्यक्ष सम्पर्क कर व्यक्तिगत संपर्क कर ठगों के खाते फ्रीज करवाकर कार्रवाई करवाते हुए पीड़ितों के ऑनलाइन ठगी हुए पैसों को रिकवर करवाया गया। वही बामनवास थाना क्षेत्र में ऑनलाइन हुई ठगी की वारदात में गए पीड़ितों के पैसों की वापसी को लेकर लोगों ने पुलिस टीम को सरकारी स्तर पर सम्मानित करने की मांग की।

# कारण बताओ नोटिस जारी

**करौली, (नि.स.) ।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कनिष्ठ लिपिक भर्ती की प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनुपस्थित रहने वाले पांच प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महावीर प्रसाद नायक ने कमल राम मीणा प्रधानाचार्य नादौती, विकास गुप्ता प्रधानाचार्य जगर, शिवचरण शर्मा प्रधानाचार्य फतेहपुर, बबलू मीणा प्रधानाचार्य गज्जूपुरा एवं सत्येंद्र कुमार प्रधानाचार्य करसौली को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कनिष्ठ लिपिक सीधी भर्ती 2013 की प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु आपको लगाया गया था। जिसमें आप के अनुपस्थित रहने से दस्तावेज संबंधी संपूर्ण कार्यवाही प्रभावित हुई अत: आप अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा आप के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी जिसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अतिक्रमण हटाते मकान ढहने से एक की मौत, 3 घायल

■ भोपालगढ़ क्षेत्र में हाईवे को चौड़ा करने की कार्यवाही चल रही थी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर के निकटवर्ती भोपालगढ क्षेत्र में गुरूवार की सुबह हाईवे को चौड़ा करने के लिए चल रहे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अचानक एक मकान ढह गया। काम कर रहे चार लोग दब गए । इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि तीन जने घायल हो गए। घायलों में से एक को फ्रैक्चर हुआ है जबकि शेष दो को हल्की चोटें आई हैं। घटना सुबह करीब 11 बजे की है।

पुलिस के अनुसार हाईवे को चौड़ा करने के बाद इसके दोनों और नाले और फुटपाथ का काम करवाया जाना है। इसके लिए यहां बने मकानों व दुकानों के लिए संबंधित मालिकों को पीडब्ल्यूडी ने मुआवजा दे दिया था। उसी के तहत कुछ लोग अपनी दुकानें व मकान तुड़वा रहे थे। गुरुवार सवेरे बस स्टैंड के समीप काम के दौरान अचानक एक मकान ढह गया और वहां काम कर रहे चार श्रमिक अंदर दब गए। लोगों ने तुरंत ही तीन को तो क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया, लेकिन एक श्रमिक जितेंद्र मेघवाल (20) अंदर फंस गया। कुछ देर बाद उसे भी निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घायलों का भोपालगढ़ के उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सूचना के बाद भोपालगढ़ थानाधिकारी गिरधारी राम कडवासरा ने पूरे मामले की जानकारी ली। अभी तक मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। हादसे में घायल 3 लोगों का भोपालगढ़ के उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले 10 दिनों से मकान व दुकान हटाने का कार्य चल रहा है।

# बावड़ी में नहाते समय बालक की डूबने से मौत

## लोगों ने अपने संसाधन जुटाकर बावड़ी से बालक को निकाला

**टोंक, (निसं)।** टोंक शहर के पुरानी टोंक क्षेत्र में दरियाशाह बावडी में नहाते समय एक 13 वर्षीय बालक की डूबने से गुरुवार को मौत हो गई। इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिलने पर लोगों ने अपने संसाधन जुटाकर बावडी का पानी खाली कर तड़के 3 बजे करीब शव को बाहर निकाला। इस मामले के बाद क्षेत्र के लोग प्रशासन के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए बालक के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग अड़ गए और करीब 8 घंटे बाद पुलिस द्वारा समझाइश करने के बाद शव लेने के बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार टोंक शहर के पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में बुधवार को शाम 4 बजे करीब निवाई दरवाजा क्षेत्र में स्थित दरियाशाह बावडी में खुशनसीब पुत्र अखलाक उम्र 13 साल निवासी देशवालियान मौहल्ला पुरानी टोंक अचानक नहाते हुए डूब गया। जिसकी खबर लगते ही क्षेत्र के लोग मौके पर पहुंच गए। गुरुवार को सुबह से ही लोग सआदत अस्पताल में प्रशासन के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए बालक के परिजनों को 10 लाख की आर्थिक मदद देने की मांग कर शव नहीं लेने पर अडे रहे।

मामले की जानकारी लगते ही पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह चारण सहित पुलिस जवानों ने पहुंच कर लोगों से दोपहर 1 बजे करीब समझाईश कर मामले को शांत कराया और पुलिस अधिकारियों ने लोगों को बताया कि बालक के परिजनो को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में 5 लाख की मदद मिलेगी।

# बोलेरो-बाइक टक्कर में दो युवकों की मौत

■ जैसलमेर-रामगढ़ सड़क मार्ग पर सोनू गांव के पास हुआ सड़क हादसा

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर-रामगढ़ सड़क मार्ग पर सोनू गांव के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। हादसे की जानकारी मिलने पर रामगढ़ थाना प्रभारी अचलाराम ढाका टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से दोनों युवकों के शवों को रामगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। हादसा बुधवार देर रात को हुआ जब बाइक सवार दो युवक रामगढ़ के आगे नहरी बेल्ट की तरफ जा रहे थे, उसी दौरान तेज गति से आई बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवार दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।

रामगढ़ थाना प्रभारी ढाका ने बताया कि भील बस्ती जैसलमेर निवासी युवक धर्माराम (18) उर्फ सुरेश पुत्र गुलाबाराम भाट व गणपत (22) पुत्र तारूराम भाट बाइक पर रामगढ़ की तरफ आ रहे थे। खेतों में चल रही जेसीबी का कोई पार्ट खराब हो गया था जो इनके रिश्तेदार ने मंगाया था। ये पार्ट लेकर सोनू गांव से 1 किमी पहुंचे। आग लगने के बाद बोलेरो का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। रामगढ़ थाना प्रभारी ढाका ने बताया कि हादसे के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे । दोनों युवक आग में जलते उससे पहले उन्हें वाहनों से दूर कर दिया लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। संसाधनों के अभाव में आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जैसलमेर से दमकल पहुंची उससे पहले बाइक व बोलेरो जल चुके थे। पुलिस ने गुरुवार बोलेरो चालक मेहरानराम ने भी रामगढ़ थाने पहुंचकर सरेंडर किया।

# पुलिस द्वारा जब्त डेढ़ सौ मोबाइल फोन मालिकों को सुपुर्द किए

## पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से बरामद किए 150 मोबाइल अनुमानित कीमत 32 लाख रुपए



अजमेर एसपी ने महिला को मोबाइल सुपुर्द किया।

■ गुरुवार को 150 लोगों को एसपी जाट ने दीपावली का तोहफा देते हुए मोबाइल मालिक को सुपुर्द किए

**अजमेर, (कास)।** जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट की पहल पर जिला पुलिस द्वारा जेब कतरों की धरपकड़ अभियान के तहत जेब कतरों से प्राप्त और अन्य घटनाओं में लावारिस हाल में मिले करीब 150 मोबाइल फोन को उनके मालिकों की खोज कर उनके सुपुर्द किए जा रहें हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को गुम हुए मोबाइल की उम्मीद छोड़ चुके 150 लोगों को एसपी जाट ने दीपावली का तोहफा देते हुए मोबाइल के मालिक को उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए जिस पर सभी के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी।

जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने गुरुवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि शहर में उक्त मोबाइल फोन को जिला पुलिस के विभिन्न पुलिस थानों में शातिर जेब कतरों की धरपकड़ के दौरान तथा इलाके में लावारिस हाल अवस्था में मिले थे जिन्हें मोबाइल फोन के ईएमआई नंबर और सिम कार्ड के आधार पर उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है और उक्त मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे जाने हैं। एसपी जाट ने बताया कि पिछले कुछ महीने में बड़ी संख्या में मोबाइल फोन गुम हुए थे। परिवारों ने इसे लेकर संबंधित थाने में मुकदमे दर्ज करवाये थे। एसपी जाट ने बताया कि गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में करीब 13 मोबाइल फोन धारकों के नाम पता के आधार पर उन्हें बुलाया गया और उनके मोबाइल फोन उन्हें सौंपे गए, जिन्हें पाकर उनके चेहरे पर खुशी देखी गई। इसके साथ ही अन्य परिवारों से संपर्क कर उनके मोबाइल भी जल्द सुपुर्द किए जाएंगे।

एसपी जाट ने बताया कि साइबर सेल और डीएसटी टीम सहित अन्य टीमों ने मोबाइल फोन के आईएमआई नंबर और सिम कार्ड से उनकी ट्रेसिंग का अभियान चलाया था, जिसके तहत पुलिस 150 मोबाइल फोन बरामद किए है, जिनकी अनुमानित कीमत 32 लाख रुपए है। पुलिस ने अभियान के तहत 100 से ज्यादा मोबाइल फोन अलग-अलग तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से बरामद किए हैं, जबकि 50 मोबाइल फोन प्रदेश के विभिन्न जिलों से बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में इसी प्रकार अभियान के चलाकर कार्रवाई में लगभग 470 मोबाइल बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से 290 मोबाइल फोन उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

गुरुवार को पुलिस लाइन में आयोजित मोबाइल सुपुर्द कार्यक्रम में जब एसपी जाट ने मोबाइल फोन उनके मालिकों को सुपुर्द किए तो उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली। मोबाइल फोन प्राप्त करने वालों का कहना रहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि उनका मोबाइल उन्हें मिलेगा, लेकिन जब पुलिस द्वारा मोबाइल सुपुर्द की सूचना दी गई तो उसके बाद से उन्हें काफी खुशी हुई।


**MUNICIPAL BOAR, NATHDWARA DIST.- RAJSAMAN**

S.No./M.B.Nath/Revenue/2022/16201 Date :- 29-09-2022

**Expression of Interest**
**Revenue Nit No. 32/2022-23**

Bids for different works Nit No.32/2022-23 of Municipal Board Nathdwara are invited from interested bidders upto date 10-10-22 on 18:00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state govt.
UBN No.– DLB2223SLOB17168
Raj.Samwad/C/22/8705 Commissioner

**OFFICE OF THE PRINCIPAL & CONTROLLER, RUHS COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES,**
Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033
Ph. 0141-2795624, 634, E-mail : principalruhscms@ruhsraj.org

No. RUHS CMS/Store/2022-23/17694 Date. 01-10-2022

**Notice Inviting Bids**

Single stage, two envelopes offline Sealed bids are invited upto 02.00 pm of 12-10-2022 (Received bids will be opened at 03.00 pm same date) for Annual Rate Contract for Supply of Various Chemicals / Reagents / Consumable Items under MNJY at 1. Microbiology Central Lab (Total Approx. Cost Rs. 9,50,000.00), 2. Biochemistry Central Lab (Total Approx. Cost Rs. 5,90,000.00) at RUHS Hospital of Medical Sciences, Jaipur. Details may be seen in the Bidding Document at the Website www.ruhscms.org, or sppp.raj.nic.in. (UBN : CMS2223GSRC00064, CMS2223GSRC00065)
Raj.Samwad/C/22/8701 Principal & Controller

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-प्रथम सवाई माधोपुर**
कलेक्ट्रेट केम्पस, प्रथम तल, सवाई माधोपुर फोन नं. 07462-220431, ई-मेल-eesmadhopur.pwd@rediffmail.com

क्रमांकः-1343 **निविदा नोट** दिनांकः-30.09.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 06/2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन/सड़क कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में सा.नि.वि. राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों से जो कि राजस्थान सरकार के एए,ए, बी, सी व डी श्रेणी के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No.-
1. PWD2223WSOB08654
2. PWD2223WSOB08655
DIPR/C/12928/2022

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड प्रथम, सवाई माधोपुर
मोबाइल नं. 9414486156
डीडीओ कोड-11496

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर**

क्रमांक-516 **निविदा सूचना संख्या 04/2022-23** दिनांकः-29.09.2022

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क कार्य मरम्मत के कार्य के लिये, उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" एवं "ए", "बी" "सी" "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.diproline.org", "www.eproc.rajasthan.gov.in" तथा "www.pwd.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।
UBN No. (1) PWD2223WSOB08595
UBN No. (2) PWD2223WSOB08596
UBN No. (3) PWD2223WSOB08597
UBN No. (4) PWD2223WSOB08598
UBN No. (5) PWD2223WSOB08599
UBN No. (6) PWD2223WSOB08600
UBN No. (7) PWD2223WSOB08601

(खेम चन्द मीना)
अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड खानपुर
DIPR/C/12760/2022

**कार्यालय नगर परिषद, दौसा (राजस्थान)**

क्रमांक : न.प.दौ./निर्माण/2022/9889 दिनांक : 04.10.2022

**ई-निविदा सूचना/2022**

नगर परिषद, दौसा द्वारा नगर परिषद कोष के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करवाये जाने हेतु कार्यालय नगर परिषद दौसा एवं इस कार्यालय से सम्बन्धित विभाग (अभियान्त्रिकी, स्वायत्त शासन विभाग) में पंजीकृत संवेदकों के अलावा अन्य विभाग के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से (पंजीकरण नियम Appendix XVI Rule 334 के सेक्शन ।। के अनुसार) निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in व http://www.sppp.rajasthan.nic.in/ से Download/Upload की जा सकती है :–

| निविदा के कुल कार्यो की संख्या | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा Download/ Upload करने की अंतिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा की बिड खोलने की दिनांक व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | 01.10.2022 | 10.10.2022 सांय 6.00 बजे तक | 11.10.2022 11.00 एएम तक | 11.10.2022 दोपहर 2.00 बजे पश्चात् । | DLB2223WSOB17217, 17218, 17219, 17220 |

राज.संवाद/सी/22/8727 आयुक्त, नगर परिषद, दौसा

# कलेक्टर ने लखासर में विकास कार्यों व स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर जनसुनवाई की

**बीकानेर,** (कासं)। कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ग्राम पंचायत लखासर के दौरे पर रहे। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा आमजन की समस्याएं सुनी।

जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकृत परिवारों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लखासर में अभी भी एक सौ चालीस परिवारों ने इस योजना में पंजीकरण नहीं करवाया है। कलाल ने कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना बहुपयोगी है। वंचित परिवार आठ सौ पचास रुपए देकर इस योजना का हिस्सा बने। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने ग्रा.प. लखासर को जल संचय योजना से जोड़ने, ग्वार व मोठ की खराब हुई फसलों का सर्वे करवाने, ढाणियों में विद्युत कनेक्शन से जोड़ने, बरसात के पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन स्वीकृत करने की आवश्यकता जाताई।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि गर्भवती महिला के गर्भधारण से लेकर तीन वर्ष तक मां एवं शिशु के पोषण का विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे मां तथा बच्चा आजीवन स्वस्थ जीवनयापन कर सकें। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण अपने-अपने घरों में सहजन का पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि सहजन का पौधा औषधीय गुणों से पूर्ण होता है जो स्वास्थ्य के लिए बहुपयोगी है।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने ग्राम पंचायत लखासर में स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थी मुरली देवी के निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवारजनों से किश्तों के भुगतान के बारे में जानकारी भी ली। जिला कलेक्टर ने लखासर के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों का आंगनबाड़ी से जुड़ाव रहे। उन्होंने महिला पर्यवेक्षक सुनीता वर्मा एवं ब्लॉक सीडीपीओ मंजू सोनी से बच्चों को केन्द्र की सभी सेवाओं का लाभ मिले, इसके लिए निर्देशित किया। उन्होंने यहां सहजन का पौधा भी रोपित किया।

जिला कलेक्टर ने केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, गोद भराई की रस्म अदायगी को देखा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं सभी तरह के टीकाकरण अवश्य करवाएं। इस दौरान जिला कलेक्टर ने केन्द्र में बच्चों को टोफियां भी वितरित की। कलाल ने लखासर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां की साफ-सफाई व्यवस्था दुरस्त पाये जाने पर संतोष जताया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र के काउंटर पर पर्ची वितरण, दवा वितरण केन्द्र,वार्ड, प्रसूति गृह आदि का भी अवलोकन किया।

जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अबरार पंवार को निर्देशित किया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर सहजन सहित अन्य औषधीय पौधों के पोस्टर चस्पा किए जाएं। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास सरकारी जमीन पर अवैध रूप से प्राइवेट स्कूल संचालित होने को गंभीरता से लिया और उपखण्ड अधिकारी को अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी भूमि को स्वास्थ्य केन्द्र की चारदीवारी में शामिल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन खेल मैदान के कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं यहां खेजड़ी का पौधा भी लगाया। उपखंड अधिकारी दिव्या चौधरी, डिस्कॉम अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र सिंह मीणा,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मो. अबरार पंवार, मनरेगा के अधीक्षण अभियंता धीरसिंह गोदारा,पूर्व उपप्रधान केसराराम गोदारा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

■ जनसुनवाई में ग्रामीणों ने ग्रा.प. लखासर को जल संचय योजना से जोड़ने, ग्वार व मोठ की खराब हुई फसलों का सर्वे करवाने की मांग की

वहीं विशेष योग्यजन आयोग के राज्य आयुक्त उमाशंकर शर्मा ने गुरूवार को जिले के पदमपुर, श्रीकरणपुर और सादुलशहर में 'विशेष योग्जयन आयुक्त आपके द्वार-मिशन तहसील 392' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई की।

पदमपुर पंचायत समिति परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री एवं श्रीकरणपुर विधायक गुरमीत सिंह कुनर सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान शर्मा ने विशेष योग्यजनों की विभिन्न समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान विशेष योग्यजनों में ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर, कैलीपर्स वितरित किये गये।

## डिजिटल कैम्प 9 को, तैयारी पर की चर्चा

**बीकानेर,**(कासं)। विप्र फाउंडेशन के सामाजिक समरसता विचार के अन्तर्गत सर्व समाज के डिजिटल बीकानेर अभियान का एक दिवसीय कैम्प 09 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 03 बजे तक पारीक चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर बीकानेर में आयोजित किया जा रहा है।

विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री संगठन देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा स्वजातीय गतिशीलता की सोच एवं उन्नत समाज-समर्थ राष्ट्र का नारा लेकर डिजिटल बीकानेर अभियान में सभी समाज के नागरिकों के वंचित रहे आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, इडब्लयूएस प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड, मजदूर डायरी, सामाजिक पेंशन योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, चिरंजीवी योजना, विवाह पंजीयन, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड सहित विभिन्न सर्टिफिकेट कैम्प लगाकर बनाये जा रहे हैं। कैम्प में अधिकाधिक नागरिक लाभ ले सकें इसलिए घर-घर जनसंपर्क कर पम्पलेट वितरित भी किये जा रहे हैं।

नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। विप्र फाउंडेशन जोन 1 बी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में पारीक चौक में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वार्ड 71 एवं 72 में आयोज्य शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई। मीटिंग में प्रदेश कार्यालय प्रभारी रमेश चन्द्र उपाध्याय, बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष नारायण पारीक, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कैलाश सारस्वत, मनोज पारीक, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री संगठन दिनेश ओझा, रामस्वरूप हर्ष मौजूद थे।

## सार-समाचार

### मेघवाल से शिष्टमण्डल मिला



**बीकानेर,** (कासं)। वैश्विक संगठन विप्र फाउंडेशन जोन 1 बी राजस्थान की बीकानेर ईकाई द्वारा डिजीटल बीकानेर अभियान में पॉर्टेबल आधार सेन्टर की स्वीकृति दिलाने हेतु विफा का शिष्टमंडल केन्द्रीय मंत्री से सांसद सेवा केन्द्र पर मिला। विफा के प्रदेश कार्यालय प्रभारी रमेशचंद उपाध्याय ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा बीकानेर शहर में सात अगस्त से डिजीटल बीकानेर अभियान वार्डवार चल रहा है। जिसके तहत नवीन आधार व अपडेशन में पॉर्टेबल आधार सेन्टर शहर में न होने के कारण जन मानस का डिजीटलीकरण कागजात पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं। विफा के शिष्टमण्डल ने अर्जुनराम मेघवाल से सांसद सेवा केन्द्र बीकानेर में मिलकर आधार संबंधित शिविर में आ रही समस्याओं के बारे में ज्ञापन देकर अवगत करवाया। केन्द्रीय मंत्री ने विफा के डिजीटल बीकानेर अभियान में हरसंभव मदद का आश्वासन विफा को दिया। इस मौके पर विफा के भंवर पुरोहित विफा प्रदेशाध्यक्ष, रामस्वरूप हर्ष विफा प्रदेशाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ, जगदीश शर्मा प्रदेश महामंत्री विफा मजदूर प्रकोष्ठ, नारायण पारीक विफा जिलाध्यक्ष बीकानेर, कैलाश सारस्वत विफा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला बीकानेर सहित विफा के पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली



**बीकानेर,** (कासं)। सात दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत गुरूवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। विभाग के अध्यक्ष डॉ श्रीगोपाल ने बताया कि जन जागरूकता के लिए रैली आयोजित की गई। एसपी मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र वर्मा तथा नर्सिंग स्कूल के प्रधानाचार्य अब्दुल वाहिद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शिव किशन मिंडाराम राजकीय मनोचिकित्सा विभाग और नशा मुक्ति विभाग से प्रारंभ होकर सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, अम्बेडकर सर्किल, पीबीएम हॉस्पिटल रोड होते हुए पुनः विभाग में आकर संपन्न हुई। रैली में नर्सिंग स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मनोरोग चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ श्रीगोपाल आचार्य, डॉ मनफूल सिंह विश्नोई ने नशे की प्रवृति रोकने के संबंध में विचार रखें। कार्यक्रम में उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एल. डी. पंवार, बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष वाई. के. शर्मा, डॉ राकेश गढ़वाल, डॉ निशांत चौधरी, डॉ संगीता हटीला, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ अंजु ठकराल ने भी विचार रखे। रैली में सभी रेजिडेंट्स सहित अजय स्वामी, सुनील शर्मा, प्रेमरतन, रविन्द्र सक्सेना का योगदान रहा। रैली के बाद स्कूली बच्चों और नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई



**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने गुरूवार को ग्राम पंचायत जोड़कियां में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में की। वहीं जिले भर में सभी 268 ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्राम पंचायतों पर जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी लगाया गया था। जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में तत्काल निस्तारण होने वाली समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। अन्य परिवेदनाओं को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज किया गया। इस दौरान एसडीएम हनुमानगढ़ डॉ अवि गर्ग, बीडीओ यशपाल असीजा समेत अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत, दूसरे गुरूवार को ब्लॉक मुख्यालय और तीसरे गुरूवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायत अलॉट कर वहां जनसुनवाई में जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। वहीं ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर जाते हैं। वहां सभी जिला स्तरीय अधिकारी भी वहां मौजूद रहते हैं और परिवेदनाओं का तत्काल निस्तारण किया जाता है।

# दस दिन से वाहनों के परमिट फिटनेस नहीं बनने से परेशान

**बीकानेर,**(कासं)। संभाग के सबसे बड़े जिला परिवहन कार्यालय में डीडीओ के तीनों पद रिक्त है। ऊपर से त्योहारों का सीजन उस बीच लगातार अवकाश और प्रमुख अधिकारियों व कार्मिकों के छुट्टी और लेटलतीफी के कारण जिला परिवहन कार्यालय वाहन स्वामियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

राम भरोसे चल रहे जिला परिवहन विभाग में पिछले पन्द्रह दिन में दस सरकारी अवकाश रहे और महज पांच दिन के कार्य दिवस में आरटीओ व कुछ कार्मिकों के छुट्टी होने के कारण व्यावसायिक भारी वाहन बस, ट्रक आदि के राष्ट्रीय-अन्तर राज्य परमिट का काम अटका हुआ पड़ा है। परमिट जारी नहीं होने से भारी वाहन चालान कटने के डर से राज्य बॉर्डर पर माल भरे हुए खड़े हैं।

■ परमिट जारी नहीं होने से भारी वाहन चालान कटने के डर से राज्य बॉर्डर पर माल भरे हुए खड़े हैं

उधर रूट बसों के परमिट के अभाव में चालान बन रहे हैं और यात्री परेशान हो रहे हैं। उधर कार्य दिवस में जब भी ऑफिस खुलता है तो अति प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जुगल किशोर माथुर जिनके पास लम्बे समय से तीन डीटीओ का अतिरिक्त कार्य प्रभार होने के बावजूद कभी 12 बजे से पहले कार्यालय नहीं पहुंचते और कार्मिक भी अधिकारी नहीं होने पर समय से विंडो नहीं खोलते हैं।

परिवहन कार्यालय में दोपहर 12 बजे तक सीट पर कोई अधिकारी नहीं मिला और कैश काउंटर तक नहीं खुला। लोग वाहनों की फिटनेस, कर चुकता,चालान संधारण के लिए चक्कर लगाते रहे। बीकानेर सिटीजन ऐसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा ने वाहन स्वामियों के हित मे परिवहन विभाग बीकानेर में फैली अव्यस्थाओं, अधिकरियों की कमी और कार्मिकों की लेटलतीफी से जिला प्रशासन और परिवहन आयुक्त को अवगत कराने के लिए एक अधिकार पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि राजस्व प्राप्ति में अव्वल बीकानेर परिवहन विभाग के तीन पद रिक्त चल रहे हैं।

विभाग में आरसी प्रिंट के लिए स्मार्टकार्ड नहीं, कैश काउंटर महज दो घंटे खुलता है। औचक निरीक्षण कर विभाग में देरी से आने वाले कार्मिकों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। रिक्त पदों को भरने के लिए पोस्टकार्ड अभियान चलाया जायेगा।

## मुमुक्षुओं का कल निकलेगा वरघोड़ा

**बीकानेर,**(कासं)। शान्त क्रान्ति जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष विजयकुमार लोढ़ा ने बताया कि शुक्रवार को सेठ धनराज ढड्ढा की कोटड़ी में केन्द्रीय संघ का श्रावक-श्राविकाओं के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जायेगा।

8 अक्टूबर शनिवार सुबह दीक्षा लेने वाली मुमुक्षु बहनों का वरघोड़ा ढड्ढा चौक से निकाला जायेगा एवं शाम को मुमुक्षु बहनों का अभिनंदन कार्यक्रम बीकानेर संघ की ओर से किया जायेगा। शांत क्रान्ति युवा संघ बीकानेर के प्रचार मंत्री अंकित सांड ने बताया कि अखिल भारतीय शांत क्रान्ति संघ का 26 वां अखिल भारतीय वार्षिक अधिवेशन 8-9 अक्टूबर को होटल कला मंदिर के प्रांगण में तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद श्रीमाल की अध्यक्षता में बीकानेर में होने जा रहा है, जिसमें बाहर से संघ के बहुत से पदाधिकारी एवं गुरू भक्त आयेंगे।

# विवाहिता का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप

**बीकानेर,**(कासं)। जिले खाजूवाला में एक विवाहित महिला का अपहरण करके दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना के बारे में देर रात पुलिस को रिपोर्ट दी गई। आरोपी युवकों की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ युवकों को पुलिस ने राउंड अप किया है।

एफआईआर के मुताबिक महिला अपने दादा और साढ़े चार साल के बेटे के साथ नरमा चुगाई के लिए जा रही थी तभी मोटर साइकिल पर एक युवक ने लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बिठा लिया। रास्ते में दादा को तीन सवारी होने की बात कहते हुए उतार दिया। आगे ले जाकर महिला के साथ करीब एक घंटे तक दुष्कर्म किया। बाद में महिला को वहीं छोड़कर फरार हो गया।

महिला ने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने विक्रम बिश्नोई नामक युवक के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी अरविन्द सिंह ने घटना की जानकारी मिलने के बाद ही दस बीडी में रहने वाले विक्रम बिश्नोई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अब तक हिरासत में लेने की पुष्टि नहीं की है। महिला के समुदाय से जुड़े लोग भी इस घटना के बाद आक्रोशित हैं और पुलिस पर लगातार दबाव बना रहे हैं।

■ महिला नरमा चुगाई के लिए जा रही थी तभी बाइक सवार युवक ने लिफ्ट देने के बहाने बिठा लिया और रास्ते में दुष्कर्म किया

# अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बीकानेर,**(कासं)। यहां आये दिन हो रही चाकूबाजी और फायरिंग की घटनाओं के बीच अवैध हथियार जब्त करने का सिलसिला भी जारी है।

पुलिस रोज एक-दो युवकों से अवैध हथियार जब्त कर रही है लेकिन इसका असर नजर नहीं आ रहा है। शहर में फायरिंग, चाकूबाजी की घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी चिंता का विषय बन गया है। नयाशहर थानाधिकारी वेदपाल श्योराण ने बताया कि अवैध हथियारों की धरपकड़ के अभियान के तहत एक और युवक को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया है। एएसआई अशोक अदलान के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया है जो अवैध हथियार रखने वालों का पता लगा रही है। इसी टीम ने देवी सिंह सोलंकी पुत्र सांवर सिंह जाति राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी पारीक चौक को गिरफ्तार किया है। ये युवक जवाहर पार्क के पास अवैध देशी कट्टा लेकर घूम रहा था। पूछताछ पर उसने सही जवाब नहीं दिया तो छानबीन की गई। उसके कब्जे से पुलिस को अवैध हथियार देशी कट्टा 12 बोर बरामद किया। उसके खिलाफ अब आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

■ शहर में फायरिंग, चाकूबाजी की घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी चिंता का विषय बना

## कार्यकारिणी गठित

**नोखा,** (कासं)। नागरिक सेवा संस्थान नोखा की गुरूवार को हुई बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में आगामी कार्यकाल हेतु संस्थान के अध्यक्ष पद के लिए सुरेन्द्र भट्टड़, उपाध्यक्ष विमल पेड़ीवाल, सचिव ओमप्रकाश सोनी, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल तापड़िया, सह सचिव राजेन्द्र खत्री का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों में दुलीचंद चांडक धूड़चंद चांडक, आसकरण भट्टड़, मानिकचंद राठी, राजेन्द्र खत्री, राधा कृष्ण झंवर, जगदीश डागा, मदनलाल सोनी, बालचंद बाहेती, कन्हैयालाल डागा, अखाराम भार्गव, अनिल जैन, श्याम भादू, घनश्याम धारणिया, विमल पेड़ीवाल, कन्हैयालाल तापडिया उपस्थित थे।

# भवानी भाई के नाम पर चौराहा और प्रतिमा लगाने की मांग

**बीकानेर,**(कासं)। शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन और जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपते हुए वरिष्ठ जननेता भवानी शंकर शर्मा के नाम पर चौराहा और प्रतिमा लगाने की मांग की।

शिष्टमंडल ने कहा कि भवानी भाई बीकानेर ही नहीं संपूर्ण राजस्थान में जाने जाते रहे है। बीकानेर में दो बार न्यास अध्यक्ष और एक बार महापौर के रूप में बीकानेर की जनता को खूब राहत देने का कार्य किया। यही कारण है कि वे आम जनता में सर्वप्रिय थे। यही नहीं खादी बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में खादी के लिए उनके द्वारा किये गए कार्यों का लोहा सरकारों ने और आम जनता ने माना। जिस व्यक्ति ने बीकानेर के महापुरूषों की याद को चिर स्थायी बनाए रखने का कार्य किया उसके नाम चौराहा और प्रतिमा होनी चाहिए।

■ शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

वहीं बीकानेर स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी पंडित गंगादास कौशिक के नाम पर तत्कालीन महापौर भवानी शंकर शर्मा ने 2013 में मार्ग घोषित कर दिया था लेकिन उसको आज तक अमलीजामा नहीं पहनाया गया। पंडित गंगादास कौशिक और भवानी शंकर शर्मा के नाम को आने वाली पीढ़ी याद रखें इसके लिए तुरंत ही दोनों पूरी की जाए। संभागीय आयुक्त ने आश्वस्त किया कि वे इस मामले में जल्द ही कोई ठोस कार्यवाही करते हुए दोनों कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

जिला कलेक्टर के ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर होने के कारण अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ समाजसेवी सत्यदेव शर्मा, शाकद्विपीय बंधु चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. के. शर्मा, श्यामोजी वंशज प्रन्यास के दुर्गादत्त भोजक आदि मौजूद थे।

# दीपावली पर बीकानेर वासियों को मिलेगा लिलीपौंड का तोहफा

**बीकानेर,**(कासं)। दीपावली पर बीकानेर वासियों को लिलीपौंड नए और आकर्षक स्वरूप में मिल सकेगा। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन ने गुरूवार को लिलीपौंड और फ्लावर्स पार्क के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर इस कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा लिलीपौंड को प्राइवेट कांट्रेक्टर के जरिए विकसित और मेंटेन करवाया जायेगा। इससे न्यास को हर माह 76000 की आय भी होगी। इसे 5 साल के लिए लीज पर दिया गया है। यहां आमजन के लिए पैलेस ऑन व्हील्स की थीम पर आधारित टेस्ट ऑन व्हील्स तैयार की जा रही है, जिसमें चौपाटी पर 40 तरह के व्यंजन आमजन के लिए उपलब्ध करवाए जायेंगे। साथ ही जोर बिंगबॉल, जोरबिंग रोलर, बच्चों के लिए हैंडल बोट सहित डांसिंग बुल राइड, बूंजी जंपिंग, जैसी आकर्षक गतिविधियां भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि पूरे परिसर को साफ सुथरा रखने और आकर्षक लाइटिंग व प्रकाश व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। यहां आम दर्शकों के लिए ओपन एयर थिएटर भी उपलब्ध करवाया जायेगा। सेल्फी प्वाइंट, सुंदर फुलवारी, बैठने की व्यवस्था आदि विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए खोले जाने के बाद इस स्थान के मेंटेनेंस की भी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी। संभागीय आयुक्त ने बताया कि आमजन की सुविधा के लिए क्षेत्र के पास ही पार्किंग एरिया भी विकसित किया गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से पार्किंग के लिए स्थान भी उपलब्ध करवाया गया है। इस अवसर पर नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीडब्लयूडी सुधीर माथुर,अधीक्षण अभियंता सुरेश बेनीवाल, अधिशाषी अभियंता राजीव गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता विनीत शीलू, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग मुकेश गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।



संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने लिलीपौंड पर हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

■ संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण कर कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए

# जिला परिषद परिसर में मरू कल्पवृक्ष खेजड़ी के पौधे लगाये

**बीकानेर,**(कासं)। मरू प्रदेश के कल्पवृक्ष खेजड़ी के संरक्षण व पौधारोपण संकल्प अभियान के तहत जिला परिषद कार्यालय परिसर में गुरूवार को पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या. के ने कहा कि मरू क्षेत्र में खेजड़ी जीवनदायिनी एवं कल्पवृक्ष के रूप में जाना जाता है और यहां के पर्यावरण संतुलन के लिए इस वृक्ष का अधिकाधिक रोपण होना आवश्यक है। खेजड़ी यहां जनजीवन के साथ पारंपरिक रूप से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से आमजन को जोड़कर पारिस्थितिकी संतुलन में उनका सहयोग लिया जा सकता है। संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन की पहल पर जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर खेजड़ी के पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इसे एक जन मुहिम बनाना है। संभाग के समस्त जिलों और बीकानेर के अंतर्गत समस्त राजकीय कार्यालयों में भी इस अभियान के तहत खेजड़ी लगाई जा रही है। इस अवसर पर जिला परिषद कार्यालय के अधिकारियों, कार्मिकों ने राज्य के इस पारंपरिक कल्पवृक्ष के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर सहायक अभियंता आराधना शर्मा, समन्वयक आई.ई. सी. गोपाल जोशी आदि मौजूद रहे।



बीकानेर जिला परिषद कार्यालय परिसर में सीईओ नित्या के. ने खेजड़ी के पौधे लगाए।

# ऊंटों के रखरखाव, आहार-चारे व पोषण के बारे में ऊंट पालकों से की चर्चा


कोलायत के खारिया पतावतान गांव में आयोजित पशु चिकित्सा शिविर में डॉक्टरों ने ऊंटों का उपचार कर दवा पिलाई।

■ खारिया पतावतान में पशु शिविर व कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**बीकानेर,**(कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एन.आर.सी.सी.) द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत कोलायत के खारिया पतावतान गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें खारिया पतावतान एवं आस-पास क्षेत्र के करीब 100 पशुपालक सम्मिलित हुए।

शिविर में 300 ऊंटों सहित लाये गए कुल 1442 पशुओं (जिनमें गाय, भेड़ व बकरी) को दवाईयां, उपचार एवं उचित समाधान देकर लाभान्वित किया गया। केन्द्र के निदेशक डॉ. आर्तबन्धु साहू ने संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए पशुपालकों से उनके पशु व्यवसाय संबंधी पहलुओं पर खुलकर बातचीत की तथा कहा कि भारत सरकार की अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ इस उप-योजना का उद्देश्य ढांचागत विकास के तहत गरीब-जरूरतमंदों को विभिन्न स्वरूपों में संबल प्रदान करना है।

डॉ. साहू ने पशुपालकों को पशुओं से अधिक उत्पादन प्राप्ति के लिए जागरूकता के साथ अपने व्यवसाय से जुड़ी उपयोगी जानकारी रखने हेतु विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। उन्होंने क्षेत्र के ऊंटों के रखरखाव, उनके आहार-चारे, पोषण तथा उनसे होने वाली आमदनी के बारे में भी ऊंट पालकों से चर्चा की। साथ ही ऊंटों के वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन एवं उष्ट्र उद्यमिता संबंधी संभावनाओं की जानकारी लेने हेतु एन.आर.सी.सी.में भ्रमण/प्रशिक्षण हेतु भी प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पशुओं को लम्पी जैसे आकस्मिक बीमारियों में पशुपालक भाई, नजदीकी पशु चिकित्सालय या पशु चिकित्सकों से तुरंत सलाह लेकर पशुधन हानि से बचें। साथ ही अपने अन्य पशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखें।

केन्द्र की एससीएसपी उप-योजना के नोडल अधिकारी डॉ. आर. के. सावल, प्रधान वैज्ञानिक ने बताया कि आयोजित पशु शिविर में पशुपालकों की अपने पशुओं सहित उत्साही सहभागिता रही। साथ ही उन्होंने संवाद कार्यक्रम में वैज्ञानिकों को खुलकर अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं के लिए आहार चारे की पौष्टिकता संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही केन्द्र में निर्मित पशुओं के खनिज मिश्रण का भी वितरण किया गया। डॉ. सावल ने स्वच्छता अभियान तहत 'स्वच्छ दूध उत्पादन' संबंधी जानकारी देते हुए पशुपालकों को पशु बाड़ों की साफ-सफाई, स्वच्छ दूध उत्पादन के अन्य पहलुओं के साथ स्वयं को स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान केन्द्र के डॉ. सुमन्त व्यास, प्रधान वैज्ञानिक ने पशुओं के जनन एवं इनमें आने वाली समस्याओं की जानकारी दी। जननी-नवजात के जीवन की सुरक्षा हेतु पशु चिकित्सक की सेवाएं लेने की बात कही। साथ ही पशुओं की शारीरिक क्रियाओं आदि की भी जानकारी दी।

केन्द्र के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. काशीनाथ ने शिविर में लाये गए पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं में खाज-खुजली (मेंज), कमजोरी, भूख कम लगना एवं बाह्य परजीवी रोग देखे गए जिनके उपचार हेतु पशुओं को दवा दी गई। साथ ही पेट के कीड़े मारने की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर कोलायत तहसील के एसडीएम प्रदीप चाहर ने भारत सरकार की इस योजना के महत्व पर प्रकाश डाला तथा इसके सफल क्रियान्वयन में एनआरसीसी की सक्रियता को भी सराहा।

## चाय की तलब ने तीन लोगों की जान बचाई

**रामसिंहपुर,** (कासं)। पुलिस कर्मियों की चाय की तलब ने तीन लोगों की जान बचा ली वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

एएसआई जितेंद्र कुमार रात्रि 11 बजे गश्त पर थे। अनूपगढ़- सूरतगढ़ मार्ग पर स्थित कस्बे से करीब 1 किमी की दूरी पर एक होटल पर स्टाफ ने चाय पीने की इच्छा जताई। चालक परमात्मा सिंह ने गाड़ी उधर ही मोड़ दी। अभी होटल से थोड़ा दूर ही था कि होटल के सामने मैन रोड पर एक कार में आग लगी थी। तेजी से गाड़ी दौड़ाकर नजदीक पहुंचे और रेत डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझी।

तभी कुछ लोगों के कार के अंदर होने का अहसास होने पर एएसआई जितेंद्र कुमार ने कांस्टेबल सतपाल बिश्नोई व दाऊ खान के साथ मिलकर दरवाजा खोला और उसमें सवार 3 लोगों को बाहर निकाला। इनमें 2 युवक बेहोश थे तथा तीसरा सकते में था। तीनों को तुरंत पुलिस की गाड़ी में डालकर प्राथमिक चिकित्सालय लेकर आए। जहां से एक के सिर, आंख पर चोट होने के कारण व दूसरे के हाथ पर चोट होने के कारण उन्हें सूरतगढ़ रैफर कर दिया गया। जबकि तीसरे को प्राथमिक उपचार दिया गया। साथ ही एएसआई ने श्रीविजयनगर स्थित नगर पालिका की दमकल को फोन किया। दमकल ने मौके पर पहुंच आग को बुझाया तब तक कार जल चुकी थी।

## सार-समाचार

### हाइजीन किट का वितरण किया



**हनुमानगढ़,**(कासं)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा उपलब्ध करवाई गई हाइजीन किट का जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोड़किया में महिलाओं और किशोरियों को वितरित किया। रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष जिला कलेक्टर नथमल डिडेल ने बताया कि किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेडक्रॉस सोसायटी ने जो किट उपलब्ध करवाई है। इसके इस्तेमाल से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकेगा। साथ ही जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही उड़ान योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद जिला कलेक्टर ने विद्यालय की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए संतोष जताया। विद्यालय प्रधानाचार्य पवन कौशिक ने आभार व्यक्त किया। रेडक्रॉस सोसायटी के डॉ पी.सी. बंसल ने बताया कि हाइजीन किट में दो तरह की साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, तेल, सैनिटरी नैपकिन आदि चीजें डाली गई है जिसको उपयोग कर महिलाएं एवं बालिकाएं कई तरह की बीमारियों से बच सकती हैं। डॉ पी. सी. बंसल ने किशोरियों को फर्स्ट एड की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे रसोई में काम करते हुए आग लगने पर बचा जा सकता है और एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को कैसे सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामनिवास मांडण, भारतेन्दु सैनी, कमलजीत सैनी, मोहित बलाडिया, हरपाल गर्ग, सरपंच प्रतिनिधि सुरेन्द्र राजावत आदि उपस्थित थे।

### आरयूबी का निरीक्षण किया



**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने गुस्वार को रानी बाजार रेलवे फाटक पर आरयूबी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने रेलवे डीआरएम से बात कर केबल शिफ्टिंग जल्द पूर्ण करवाने की बात कही। कलाल ने व्यास कॉलोनी स्थित कई सड़कों के पेचवर्क कार्य का निरीक्षण किया और कहा कि इस कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मसाला चौक निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने लिली पौंड, पार्क में सौन्दर्यकरण कार्य को दीपावली तक पूरा करने के निर्देश दिए। कलाल ने पब्लिक पार्क स्थित कीर्ति स्तंभ से तुलसी सर्किल गेट तक पार्क की खाली जगह को आकर्षक बनाने के लिए वर्ष पर्यन्त रहने वाली फुलवारी लगाने के निर्देश दिए। इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही की जाए। उन्होंने सूरसागर के पास डाली जा रही सीवरेज लाइन का भी निरीक्षण किया और कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क की साफ सफाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बेनीवाल, अधिशासी अभियंता राजीव गुप्ता सहित नगर विकास न्यास के अधिकारी उपस्थित थे।

### नहर में युवती का शव मिला

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिले की नोहर में नहर में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब बीस दिन पुराना बताया जा रहा है। शव पूरी तरह सड़ी-गली अवस्था में था। युवती के शरीर पर जींस पेंट के अलावा कोई कपड़ा नहीं पहना हुआ था। आसपास के लोगों ने शव की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। एएसआई छोटूराम तिवाड़ी ने बताया कि जीएसएन माइनर नहर में एक युवती का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को नहर से बाहर निकाला। उसके शरीर पर फटी हुई जिंस पहनने के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। शव पूरी तरह सड़ी-गली हालत में था। शव इतनी बुरी तरह खराब हो चुका था कि पहचान लायक भी नहीं था। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवा दिया। पुलिस ने शव के डीएनए सैंपल भी एकत्रित किए। मर्ग दर्ज कर पुलिस ने शव की पहचान के लिए आस-पास के पुलिस थानों में भी सूचना भेजी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### महिषासुरमर्दिनी का विसर्जन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्री दुर्गा पूजा एकता सेवा समिति की ओर से डी ब्लॉक में गांधी पार्क के सामने स्थापित देवी दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप का गुरूवार को बारह मासी नहर में विसर्जन किया गया। इसे लेकर समिति कार्यकर्ताओं में सुबह से उत्साह था। सुबह करीब आठ बजे से ही डी ब्लॉक में दुर्गा पूजा पंडाल में लोग जुटने लगे। सुबह देवी की पूजा अर्चना की गई।

# महाराव शेखाजी की जयंती पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया


बीकानेर में वेटरनरी ऑडिटोरियम में आयोजित महाराव शेखाजी की जयंती समारोह को पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी एवं बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धीकुमारी ने स्थानीय वेटरनरी ऑडिटोरियम में महाराव शेखाजी संस्थान बीकानेर द्वारा आयोजित जयंती समारोह में प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

भाटी ने महाराजा गंगासिंह, महाराव शेखाजी एवं राव बनीर को क्षत्रिय समाज की महान विभूतियां बताते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी ने इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को इंगित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक सुन्दर नवाचार है।

महाराव शेखाजी संस्थान के कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रकाश सिंह शेखावत ने संस्थान के उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों पर वक्तव्य देते हुए कहा कि संस्थान सभी वर्गों और समाजों के हितों की पैरवी करने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है।

संस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत आरएएस भवानी सिंह शेखावत ने महाराव शेखाजी के जीवन चरित्र उनके व्यक्तित्व एवं वीरोचित कार्यों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 15 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। जिनमें प्रथम प्रयास में आईएएस में चयनित जयंत सिंह राठौड़, राज्य न्यायिक सेवा में चयनित रिचा शेखावत एवं त्रिलोचना राठौड़, ताईक्वाडों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता हर्षिता शेखावत, बैडमिंटन में नेशनल खिलाड़ी भुवनेश्वरी राठौड़, राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड विजेता अभय प्रताप सिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता सरिता राठौड़, बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी अंशी जोधा, पूर्वशी शेखावत, तरुण सिंह शेखावत, प्रेरणा भाटी, प्रतिभा भाटी, मूमल शेखावत, मंशा भाटी एवं लक्षा राठौड़ शामिल थे।

## कैंसर से बचाव की जानकारी दी

**बीकानेर,**(कासं)। चिकित्सालय में गुरूवार को कैंसर रोग की पहचान, जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. हिमांशु दाधीच ने बताया कि विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की गई। आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाते हुए लोगों को गैर संचारी रोगों के लक्षणों एवं बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। लोगों को कैंसर रोग के लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी।

एनसीडी शिविर प्रभारी डॉ. संजय खत्री विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा रोगियों की जांच की गई। आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में डॉ. ईशिका, डॉ. अनिता सिंह, डॉ. बी. के तिवाडी व अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी।

शिविर में पुरूषों के मुंह, फेफड़े, ग्रासनली और अमाशय के कैंसर तथा स्त्रियों के गर्भाशय, स्तन और मुंह कैंसर से संबंधित सभी जांचें की गई एवं आवश्यक बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया। शिविर में 167 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। जिला एनसीडी इकाई से सुमन आचार्य, नर्सिंग ऑफिसर, उमेश पुरोहित आदि ने सहयोग दिया।

## पति को पानी में जहर मिलाकर पिलाया

■ अवैध संबंधों में बन रहा था बाधक, पति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**हनुमानगढ़,**(कासं)। अवैध संबंधों में बाधक बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने पानी में जहर मिलाकर पिला दिया। इससे युवक की हालत बिगड़ गई और वह दूसरे घर में रह रही अपनी मां के पास पहुंचते ही बेहोश हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

मामला हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा का है। एसआई हरबंस सिंह ने बताया कि कमलेश (45) पत्नी अशोक कुमार वाल्मीकि निवासी वार्ड 5, पीलीबंगा ने अपने बेटे मुकेश कुमार के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पुत्र नरसी का विवाह करीब 13 साल पूर्व मीना के साथ हुआ था। उनके दो संतान हैं। पिछले कुछ वर्षों से उसकी पुत्रवधू मीना का काकू पुत्र छोटूलाल वाल्मीकि निवासी पीलीबंगा के साथ अवैध प्रेम संबंध है।

इसके चलते मीना आए दिन उसके पुत्र नरसी के साथ झगड़ा और मारपीट करती है। मीना के इसी झगड़ालू व्यवहार के कारण उसने अपने पुश्तैनी मकान में उसे हिस्सा दे दिया। वह खुद और उसका पूरा परिवार दूसरी जगह किराये के मकान में रहने लगे। मीना ने पूर्व में कई बार उसके व उसके पुत्रों के खिलाफ अपने पीहर बीकानेर और पीलीबंगा थाना में कई झूठी शिकायत दी। उनमें पुलिस ने उसकी पुत्रवधू मीना को झूठा साबित कर दिया था। उसके पुत्र नरसी को मीना का भाई राकेश पुत्र जगदीश और पिता जगदीश आये दिन फोन पर धमकी देते रहते हैं कि वे उसे जान से मार देंगे और मीना का विवाह काकू के साथ कर देंगे।

जब उसका पुत्र नरसी काम पर गया हुआ होता तो काकू उसके पुत्र की गैर मौजूदगी में उसके घर आता था। कुछ दिन पूर्व जब उसके पुत्र नरसी को इस बात का पता चला कि मीना के काकू के साथ नाजायज संबंध हैं तो नरसी ने विरोध किया। तब मीना और काकू ने मारपीट कर उसके पुत्र नरसी को घर से निकाल दिया।

# राहगीर से दो सौ नशीली गोलियां बरामद

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के केराचक मोड़ के पास पैदल जा रहे एक व्यक्ति के पास नशे की दो सौ गोलियां बरामद हुई। पुलिस को मुखबिर के जरिए इस इलाके में नशे की गोलियां लाये जाने की जानकारी मिली थी।

इस पर गश्त के दौरान पुलिस केराचक मोड़ के पास पहुंची। वहां एक आदमी पैदल आता नजर आया। उसके पास एक थैली थी। रोकने पर वह घबराया और भागने की कोशिश की। पुलिस ने उसी समय उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे नशे की गोलियों के मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटा रही है।

लालगढ़ जाटान थाना पुलिस के कर्मचारी गश्त पर थे। इसी दौरान केरा चक मोड़ पर युवक चांद सिंह पुत्र भान सिंह आता नजर आया। पुलिस की जीप को देख उसने भागने की कोशिश की। पुलिस ने रोका तो वह घबरा गया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास थैली में दो सौ नशे की गोलियां बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह केराचक का ही रहने वाला है। पुलिस उसे थाने ले गई। वहां उससे जांच अधिकारी रघुवीर सिंह ने पूछताछ शुरू की है। मुख्य सप्लायर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## कन्या कॉलेज में वैक्सीनेशन

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किया गया।

कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। उन्होंने भविष्य में अन्य कैम्प लगाने का भी आश्वासन दिया। प्राथमिक उपचार एवं नशा निषेध समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कैम्प में कोरोना की प्रथम, द्वितीय और बूस्टर डोज लगाई गई। समिति सदस्य जसवीर सिंह ने बताया कि कैम्प में कोविशील्ड और को-वैक्सीन दोनों प्रकार की डोज लगाई गई। इस कैम्प में आशीष शर्मा, सतीश शर्मा व अंजू तोमर ने वैक्सीनेशन का कार्य किया।

# भांजे की हत्या कर शव जलाने के मामले में एक और गिरफ्तार

■ मर्डर कर शव जला देने के मामले में पांचवी गिरफ्तारी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। गांव अमरपुरा थेहड़ी में भांजे का मर्डर कर शव को रात को श्मशान में जला देने के एक साल से अधिक पुराने मामले में टाउन पुलिस ने गुरूवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया।

आरोपी की पहचान सितेन्द्र सिंह (52) पुत्र बलवंत सिंह कम्बोज निवासी टाउन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया। जांच अधिकारी टाउन थाना की कार्यवाहक प्रभारी एसआई शालू बिश्नोई ने बताया कि ममेरी बहन को गायब करने के शक में प्राइवेट लैब में काम करने वाले हरविन्द्र सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, जंक्शन का उसी के मामा वगैराह ने मर्डर कर शव को जला दिया।

इस मामले में मृतक के मामा काला सिंह और देवेंद्र सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी अमरपुरा थेहड़ी सहित चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया जा चुका है। सितेन्द्र सिंह की इस मामले में पांचवीं गिरफ्तारी है। अभी इस मामले में 10 जनों की गिरफ्तारी शेष है। मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

23 सितम्बर 2021 को सुबह करीब 6 बजे कुलवन्त सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी अमरपुरा थेहड़ी तथा साहब सिंह निवासी संघर दोनों उसे व उसके लड़के मनिन्द्र सिंह को अपने साथ अमरपुरा थेहड़ी ले जाने के लिए आए तो उसने उनसे पूछा कि हरविन्द्र सिंह कहां पर है तो उन्होंने कहा कि हरविन्द्र सिंह उसके साले काला सिंह के घर पर है।

# बीकानेर में वन्यजीव सप्ताह प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चे पुरस्कृत


वन्य जीव सप्ताह में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक डॉ पूजा पंचारिया ( बीच में ) ने प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

■ प्रतियोगिताओं में विद्यालय के 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया

**बीकानेर,**(कासं)। उप वन संरक्षक बीकानेर रंगा स्वामी ई ने बताया कि वन्यजीव सप्ताह के तहत वन्यजीवों के बारे में आमजन में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्तरों पर कई जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इस श्रृंखला में बृहस्पतिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सागर में स्कूली बच्चों के मध्य वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रंगास्वामी ई ने बताया कि प्रतियोगिताओं में विद्यालय के 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में सुमन चाहर प्रथम, कैलाश द्वितीय एवं पूजा कुम्हार तीसरे स्थान पर रहे।

इसी प्रकार से निबंध प्रतियोगिता में भारती नैण प्रथम, देवकी चाहर द्वितीय एवं गजेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में श्यामसुंदर प्रथम, जीतेश द्वितीय एवं बंटी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक डॉ पूजा पंचारिया द्वारा वन्य जीव सप्ताह मनाने के उद्देश्य और वन्य जीवों की महत्ता के साथ ही खाद्य श्रृंखला और खाद्य जाल की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक सत्यपाल सिंह ने विद्यार्थियों के मध्य वन्य जीवों से संबंधित कई रोचक जानकारी साझा की तथा वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। सहायक वन संरक्षक दीपक सिंह ने विद्यार्थियों को पौध सरंक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से सहायक वन संरक्षक कपिल चौधरी, क्षेत्रीय वन अधिकारी बिशन सिंह एवं वन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

प्रिंसिपल ललिता वर्मा एवं व्याख्याता अजय सिंह राजपुरोहित आभार व्यक्त किया। वन विभाग की ओर से स्कूली बच्चों को पौधे दिए गए। शनिवार को वन्य जीव सप्ताह के समापन के अवसर पर कतरियासर गांव में वन विभाग की तरफ से पौधरोपण का विशेष अभियान चलाया जायेगा। ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को वन्य जीव सरंक्षण का सन्देश प्रसारित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# विद्यार्थियों को शतरंज की बारीकियों के बारे में बताया


भारतीय टीम के कोच रह चुके नीरज मिश्रा ने आरएसवी स्कूल में दीप प्रज्जवलित कर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

**बीकानेर,**(कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी हायर सैकण्डरी स्कूल में आज विद्यार्थियों को शतरंज के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नीरज मिश्रा और पुनीत जयसवाल के अनुभव को जानने का अवसर मिला।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दोनों खिलाड़ियों ने आज के कार्यक्रम का आगाज आरएसवी के सीईओ आदित्य स्वामी के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। अंतरराष्ट्रीय मास्टर भारतीय टीम के कोच रह चुके नीरज मिश्रा ने विद्यार्थियों को शतरंज की बारीकियों, शतरंज के इतिहास, शतरंज के बारे में विस्तार से परिचित करवाया।

विद्यार्थियों के सम्मुख अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने शतरंज के महत्व को स्पष्ट किया तथा कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में शतरंज अत्यंत उपयोगी है। शतरंज हमें सिखाता है कि हम अपनी एकाग्रता को किस प्रकार से बढ़ाएं तथा अपने निर्णय को लेने में किस प्रकार से सक्षम हो। शतरंज खेल से होने वाले विभिन्न लाभों से भी परिचित करवाया।

अंतरराष्ट्रीय मास्टर पुनीत जसवाल ने भी शतरंज के प्रति भारत में बढ़ते रूझान और उसके प्राचीन काल में रहे महत्व को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। आपने कहा कि विश्वनाथ आनंद जैसे शतरंज के विश्व चैम्पियन खिलाड़ी भारत ने दिए हैं। शतरंज में भारत के खिलाड़ियों की अपनी विश्व में एक अलग पहचान है। विद्यार्थी इसमें जितनी महारत हासिल करते जायेंगे उतना ही उनके लिए किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना आसान होता जायेगा।

